ब्रीफ न्यूज

गांव स्तर पर होंगी बैठकें: सुशांत

फतेहपुर। पूर्व सांसद डॉ. राजन सुशांत ने बुधवार को देहरी स्थित निवास स्थान पर समर्थकों के साथ बैठक कर गांव स्तर पर बैठकें करने की रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि विस चुनावों में फतेहपुर की सीट भाजपा की झोली में डालने के लिए कमर कसनी होगी। घर-घर जाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को अवगत करवाना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा 50 प्लस आंकड़ा पार करेगी। इस मौके पंचायत रैहन प्रधान रमेश कुमार शर्मा, नेरना प्रधान राज कुमार, बलदेव सलारिया, सतीश शर्मा, जेपी शर्मा, रजिंद्र शर्मा, लक्की कालिया, विशाल शर्मा, संजय धीमान आदि समर्थक मौजूद रहे।

बेहोशी की हालत में मिली अज्ञात महिला

नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवा पुलिस थाना के हटवास के पास एक बेहोशी की हालत में एक महिला मिली है। पुलिस के एएसआई अशोक राणा ने बताया कि महिला को टांडा में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है। इस बारे में नगरोटा बगवा पुलिस थाना के दूरभाष नंबर 01892 252410 पर संपर्क करें और इस महिला बारे जानकारी दें। उन्होंने बताया कि अज्ञात मिली महिला की बाजू पर अजय नाम लिखा हुआ है।

विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

फतेहपुर। राजकीय उच्च पाठशाला नंगाल के विद्यार्थियों ने बुधवार को वनरक्षक कुलदीप चंद के नेतृत्व में स्कूल परिसर में पौधारोपण कर स्कूल परिसर को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक भी मौजूद रहे।

फतेहपुर भाजपा की बैठक 11 को

फतेहपुर। भाजपा मंडल फतेहपुर की बैठक 11 अगस्त को सुबह दस बजे पार्टी कार्यालय लरहुं में होगी। इसमें समस्त मंडल कार्यकारिणी, मोर्चा-प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी, बूथ पालक, बूथ अध्यक्ष व बीएलए हिस्सा लेंगे। मंडलाध्यक्ष कैप्टन चैन सिंह ने पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं को भी बैठक में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

गुजरात में लोकतंत्र की जीत: कृष्ण

नगरोटा सूरियां। जवाली मंडल कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण भारद्वाज प्रेस को जारी बयान में कहा कि गुजरात में कांग्रेस नेता अहमद पटेल की जीत असल में लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं की जीत है। सह संवैधानिक संस्थाएं कांग्रेस की दीर्घकालीन सोच के परिणाम स्वरूप बन पाई हैं।

प्रयत्न संस्था ने किया पौधरोपण

बैजनाथ। प्रयत्न संस्था ने अध्यक्ष जीडी अवस्थी की अध्यक्षता में वग्गीधार स्थित गौसदन के प्रांगण में पौधरोपण किया। मुख्यातिथि एसडीएम डॉ. मुरारी लाल ने शिरकत की। जीडी अवस्थी ने बताया कि पौधरोपण के दौरान औषधीय पौधों में आंवला, हरड़, भेडा, जामुन, गुलाब जामुन, कचनार और देवदार आदि के लगभग 80 पौधों का रोपण किया गया। संस्था के सदस्यों में केसी कटोच, ओंकार कटोच, शब्द सूद, केएस वर्मा, तिलक कटोच, कैप्टन लालमन, सरूप शर्मा, नरेंद्र सिंह, रमेश कश्मीरी, डॉ. भारद्वाज, मोहन लाल, आशीक, सुरेश शर्मा व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

महिला ने चलाया भांग उखाड़ो अभियान

नगरोटा बगवां। भौरनी समलोटी गांव के राधा कृष्ण महिला मंडल की सदस्य गांव में भांग उखाड़ो अभियान के तहत भांग के पौधे उखाड़े।

युद्ध संग्रहालय का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने दाड़ी में स्वतंत्रता सेनानी स्मारक की भी रखी आधारशिला

◆ इक्कू खड्ड पर 1.35 करोड़ रुपये से निर्मित पुल का भी किया लोकार्पण

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। धर्मशाला

ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने धर्मशाला में 9.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित युद्ध संग्रहालय का लोकार्पण किया। वहीं, दाड़ी में स्वतंत्रता सेनानी स्मारक की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आजादी की लड़ाई के महान नायकों और उन सभी शूरवीरों को नमन करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। संग्रहालय राष्ट्र के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा से लेकर कैप्टन विक्रम बतरा, सौरभ कालिया व राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलदान करने वाले अन्य वीर सैनिकों के बारे में जानने का एक अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध कभी भी लाभकारी नहीं होता, लेकिन कभी-कभार यह अनिवार्य हो जाता है और वह वह समय होता है, जब हमारे सैनिक अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा के लिए दुश्मनों से लड़ते हुए अपने अदमय साहस का परिचय देते हैं।

उन्होंने धर्मशाला में डलझील के सौंदर्यीकरण, 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय डिग्री कॉलेज मटौर व चामुंडा मंदिर परिसर में 5.87 करोड़ रुपये की लागत की एशियन विकास बैंक परियोजना की भी आधारशिला रखी। करदयाणा की इक्कू खड्ड पर 1.35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल का भी लोकार्पण किया।

इस मौके पर शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा, मुख्य संसदीय सचिव जगजीवन पाल, विधायक संजय रतन, अजय महाजन, पवन काजल, राज्य वन निगम के उपाध्यक्ष केवल सिंह पठानिया, हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बलवीर टेगटा पीसी नेगी, इंजीनियर एसके ठाकुर, एसी राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने धर्मशाला में 9.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित युद्ध संग्रहालय का लोकार्पण किया।

सिलाई अध्यापिकाओं का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

कांगड़ा। सिलाई अध्यापिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से मटौर स्कूल में मिला। प्रदेशाध्यक्ष नीलम वर्मा ने बताया कि कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग में अनुबंध पर कार्यरत सिलाई अध्यापिकाओं को दिहाड़ीदार बनाया है। विभाग ने 1997 में सिलाई अध्यापिकाओं की नियुक्तियां अनुबंध पर की थी, लेकिन 20 साल हो जाने पर भी अनुबंध की नीति लागू नहीं की गई थी। अन्य विभागों में अनुबंध पर तैनात कर्मचारियों को 6 वर्ष में ही नियमित किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री ने हमारे लिए नीति बनाई इसके लिए हिमाचल की अध्यापिकाओं ने उनका आभार प्रकट किया।

विद्यार्थियों ने किया संस्कृत भाषा का प्रसार-प्रचार

परागपुर। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान वेद व्यास परिसर बलाहर की ओर से संस्कृत भाषा के संबर्धन संरक्षण व विकास के लिए शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गढ़ से अपर परागपुर, अपर परागपुर से होते हुए बुटेल मंदिर परागपुर होते हुए राधा-कृष्ण मंदिर में संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने नारे लगाकर संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार किया। छात्र-छात्राओं ने संस्कृत भाषा में कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। परागपुर पंचायत प्रधान सुदेश कुमारी ने कहा ने संस्कृत भाषा की महत्ता बताई। प्राचार्य प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय, डॉ. सुज्ञान कुमार महांति ने अपने विचार रखे।

नंगाल के लोग बिजली की आंख मिचौनी से परेशान

फतेहपुर। नंगालवासी कुछ दिनों से बिजली की आंख-मिचौनी से काफी परेशान हैं। स्थानीय निवासी रमेश चंद, जीत सिंह, जीवन सिंह, मोहन सिंह, पृथी सिंह आदि ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से गांव में बिजली की आंख-मिचौनी व लो वोल्टेज के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि जब कर्मचारियों को अवगत करवाया जाता है तो वह विद्युत आपूर्ति की बहाली पर कोई संतोषजनक जबाव नहीं दे पाते हैं। विभागीय जेई अशोक कुमार ने कहा कि बारिश के कारण पेड़ गिरने से तारे टूट गई थी और कुछ विद्युत पोल उखड़ गए थे। इन्हें वीरवार को ठीक किया जाएगा।

ज्ञान ज्योति महाविद्यालय में किया पौधरोपण

कांगड़ा। ज्ञान ज्योति शिक्षा महाविद्यालय में बुधवार को पौधरोपण किया गया। इसमें बीएड, जेबीटी, बीबीए, बीबीसी के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज प्रबंधन नरेंद्र चौधरी ने बच्चों को वनों के महत्व व पर्यावरण सुरक्षा के बारे में बताया। कॉलेज प्रधानाचार्य विजेता चौधरी ने बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्यमंत्री मांगे माफी : हंसराज

धर्मशाला। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने गद्दी समुदाय के खिलाफ जो अभद्र टिप्पणी कि है उसे लेकर समुदाय में काफी रोष है। अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के महासचिव हिमाचल कांग्रेस हंसराज ठाकुर ने कहा कि सीएम की टिप्पणी से समुदाय के लोग नाराज हैं और मुख्यमंत्री को जल्द स्पष्टीकरण देकर उन्हें माफी मांगनी चाहिए। कहीं ऐसा न हो कांग्रेस को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़े। उन्होंने कहा कांगड़ा-चंबा की 20 ऐसी विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें गद्दी समुदाय का काफी प्रभाव है। उन्होंने कहा 6 बार मुख्यमंत्री रह चुके उन्हें ऐसी बात करना शोभा नहीं देती इससे समुदाय के मान सम्मान को ठेस पहुंची है।

स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खन्नी में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

राकेश शर्मा। जसूर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खन्नी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी संजीव मनकोटिया व सीमा शर्मा की अगुआई में स्वयंसेवियों ने खन्नी गांव की सड़क के किनारों पर पड़ी खड्डों को भरा। वहीं, सड़क के किनारे बिखरी पड़ी बजरी को हटाया और भांग व घास को उखाड़ा। प्रधानाचार्य प्रताप सिंह मनकोटिया ने स्वयंसेवियों को राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राध्यापक रीता देवी, वरियाम सिंह, संजीव कुमार व जोगिंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

भाजपा गुंडागर्दी पर उतरी : सुनील

पालमपुर। पालमपुर में आक्रोश रैली पर कांगड़ा-चंबा युवा के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा ने कभी अपने दामन में झांक कर नहीं देखा। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाजपा अध्यक्ष पर लगे आरोपों बारे भाजपा अपना पक्ष स्पष्ट करे। पालमपुर में भाजपा धरने-प्रदर्शन के बहाने दादागिरी पर उतर आई है। धरने के दौरान भाजपा नेताओं ने बस चालक पर हमला करना व पुलिस से धक्का-मुक्का और सड़क को जाम कर जनता को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि कोटखाई प्रकरण पर केंद्र की ही एजेंसी जांच कर रही है। चीन सेना घुसपैठ कर रही है, कश्मीर में हालात सबको पता हैं, लेकिन आज केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। इस मौके पर माधव सूद, अजय कुमार, नीरज शर्मा, राहुल वालिया आदि युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अनुपूरक परीक्षाओं का गजट बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड

धर्मशाला। हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बलवीर तेगटा ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड ने मैट्रिक, जमा दो नियमित, निजी व समस्त राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक व अनुपूरक परीक्षाएं जो कि वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक संचालिक की गई हैं उनका गजट बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इससे स्कूलों के प्रबंधन, विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित जानकारियां आसानी से प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा जहां पर परीक्षार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने अथवा शिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रवेश ग्रहण करता है, ऐसे में शिक्षा, शिक्षण संस्थाओं को भी बार-बार शिक्षा बोर्ड से प्रस्तुत प्रणाम पत्रों को जांच करने के लिए पत्राचार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा इससे पहले गजट को भी चरणबद्ध तरीके से वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था की जाएगी और यह सुविधा इस सप्ताह के अंत तक उपलब्ध करवाने के प्रयत्न किए जाएंगे।

मेडिकल बिलों का जल्द किया जाए भुगतान

नगरोटा सूरियां। प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स संघ खंड नगरोटा सूरियां इकाई की मासिक बैठक ई. चपाल धीमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बोर्ड प्रबंधक से 4 प्रतिशत अंतरिम राहत सरकारी विभाग की तर्ज पर इसी माह के वेतन व पेंशन के साथ देने की मांग की गई। वही, 1 जनवरी, 2006 से वेतन आयोग की सिफारिशों का ग्रेड पे अक्तूबर, 2012 से देने का विरोध कर ग्रेड पे पहली जनवरी, 2006 से देने की मांग की गई।

उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने 1 जनवरी 2006 से ग्रेड पे का एरियर देने के लिए बोर्ड प्रबंधकों को बाध्य न किया तो अगामी विधानसभा चुनावों में इसका विपरीत असर पड़ेगा। मेडिकल बिलों का भुगतान 30 दिन में करने व 2 साल में पेंशनर्स को 1 बार भारत भ्रमण के लिए एलटीसी प्रदान करने व वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र विद्युत कार्यालय से ही बनाने की मांग की है।

कर्मचारी ड्यूटी में न बरतें कोताही : एडीएम

मणिमहेश यात्रा के लिए ट्रैफिक समस्या से निपटने के लिए विशेष प्रबंध

हिमाचल दस्तक। भरमौर

एडीएम भरमौर विनय धीमान ने विभिन्न सेक्टरों में तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों को मणिमहेश यात्रा को लेकर कोताही न बरतने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान ट्रैफिक समस्या से निपटने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। आगामी सप्ताह में भरमौर से भरमाणी वाया घराडू और पट्टी से भरमाणी वाया मलकौता सड़क मार्ग को वन वे कर दिया जाएगा, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। हड़सर और कुगति सड़क मार्ग पर वाहनों की पार्किंग के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

पहले आओ, पहले पाओ पर मिलेगी हेलि टैक्सी

एडीएम ने कहा कि गत वर्ष हवाई सेवा पाने वालों शिव भक्तों ने हेलिकॉप्टर बुकिंग में हो रही गड़बड़ी की शिकायतें प्रशासन से की थी। इस बात का ध्यान रखते हुए हेलिपैड पर एक सैक्टर अधिकारी तैनात किया जाएगा, ताकि हवाई सेवा को लेकर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ही लोगों को हवाई सेवा मुहैया करवाई जा सके।

दुकानदारों को लगानी होगी सूची

भरमौर प्रशासन ने हड़सर से मणिमहेश झील तक लगने वाली दुकानों को नंबर जारी किए हैं और यह नंबर हर दुकानदार को अपनी दुकान के आगे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना होगा। शिकायतकर्ता को सैक्टर अधिकारी के पास महज उक्त दुकान का नंबर बताना होगा, जिसके बारे में उसे शिकायत करनी है। शिकायत आने पर प्रशासन द्वारा दुकानदार के खिलाफ कारवाई की जाएगी। वही, दुकानदारों को प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए सामानों की मूल्य सूची को अपनी दुकान के बाहर लगाना अनिवार्य बनाया गया है।

चौरासी मंदिर में लगाए जाएं कैमरे

भरमौर। सहायक आचार्य न्यूरो सर्जन डॉ. जनक राज ने बुधवार को एडीएम भरमौर विनय धीमान को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्मय से उन्होंने मांग की है कि चौरासी मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए व मंदिरों में नए अग्निशमन यंत्र लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद चौरासी परिसर में जातर मेले का आयोजन किया जाना है। मंदिरों में जो अग्निशमन यंत्र लगाए गए हैं वह वर्ष 2015 जून से अपनी समय अवधि पूरी कर चुके है। किसी अनहोनी की स्थिति में चौरासी परिसर तक अग्निशमन वाहन का पहुंचना मुश्किल है।

INOX WIND LIMITED

Regd. Off.: Plot No.1, Khasra Nos. 264 to 267, Industrial Area, Village-Basal, Distt. Una-174303, Himachal Pradesh
CIN: L31901HP2009PLC031083 | Tel./ Fax: +91-1975 272001 | E-mail: investors.iwl@inoxwind.com | Website: www.inoxwind.com

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2017

(Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended			Year ended
		30-06-2017 (Unaudited)	31-03-2017 (Audited)	30-06-2016 (Unaudited)	31-03-2017 (Audited)
1	Total Income from operations	10,599	101,922	43,499	341,500
2	Net Profit / (Loss) for the period before tax	(5,814)	18,834	1,786	42,681
3	Net Profit / (Loss) for the period after tax	(3,902)	12,754	1,182	30,329
4	Total Comprehensive Income for the period (Comprising net profit/(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income after tax)	(3,863)	12,704	1,181	30,276
5	Reserves excluding revaluation reserves (net of Interest in Inox Benefit Trust)				218,959
6	Paid-up equity share capital (face value Rs. 10 per share)	22,192	22,192	22,192	22,192
7	Earnings per share (face value of Rs.10/- each) (not annualized)				
	a) Basic (Rs)	(1.76)	5.75	0.53	13.67
	b) Diluted (Rs.)	(1.76)	5.75	0.53	13.67

Notes:

1. The above consolidated results, were reviewed by the Audit Committee, were approved by the Board of Directors at its meeting held on 9th August, 2017. The Statutory Auditors of the Company have carried out the limited review of the above results for the current quarter.
2. The above results are an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed for the Quarter ended 30th June, 2017 with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Quarterly Financial Results for the quarter ended 30th June, 2017 are available on the Stock Exchanges' website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.inoxwind.com).
3. **Information on Standalone Financial Results:** (Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended			Year ended
		30-06-2017	31-03-2017	30-06-2016	31-03-2017
1	Total income from operations	4,452	65,787	37,676	286,322
2	Net Profit / (Loss) for the period before tax	(4,671)	9,666	2,618	34,794
3	Net Profit / (Loss) for the period after tax	(3,088)	6,876	1,811	25,633

4. The figures for the quarter ended March 31, 2017 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures upto the third quarter ended 31st December, 2016.
5. There is a single operating segment of the Group i.e. manufacture of Wind Turbine Generators ("WTG"), related erection, procurement and commissioning (EPC) services, operations and maintenance (O&M) and common infrastructure facility services for WTGs and development for wind farms.
6. The Company had made an Initial Public Offer (IPO) during the year ended 31st March, 2015, for 3,19,18,226 equity shares of Rs. 10 each, comprising of 2,19,18,226 fresh issue of equity shares by the Company and 1,00,00,000 equity shares offered for sale by Gujarat Fluorochemicals Limited (GFL), the Company's holding company. The equity shares were issued at a price of Rs. 325 per share (including premium of Rs. 315 per share), subject to a discount of Rs. 15 per share for eligible employees of the Company and retail investors. Out of the total proceeds from the IPO of Rs. 102,053 Lakh, the Company's share was Rs. 70,000 Lakh from the fresh issue of 2,19,18,226 equity shares. Fresh equity shares were allotted by the Company on 30th March, 2015 and the shares of the Company were listed on the stock exchanges on 9th April, 2015.

Details of utilization of IPO Proceeds are as follows:- (Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Objects of the issue as per the Prospectus	Total Amount to be spent	Total Amount spent/ Utilized upto 30-06-2017	Amount pending Utilization
1	Expansion and up-gradation of existing manufacturing facilities	14,748	4,255	10,493
2	Long term working capital requirements	29,000	29,000	-
3	Investment in subsidiary, IWISL for the purpose of development of Power evacuation infrastructure and other infrastructure development	13,154	7,366	5,788
4	Issue related expenses	3,733	3,223	510
5	General Corporate Purposes	9,365	9,365	-
	Total	70,000	53,209	16,791

Unspent amount is kept in fixed deposits of Rs. 16,832 lakhs with banks.

For and on behalf of the Board of Directors
For Inox Wind Limited
Sd/-
Whole-time Director

Place: Noida
Date: 9th August, 2017

प्रभावितों की मदद को विरेंद्र ठाकुर आए आगे

गरली। सरड बम्मी में बादल फटने से प्रभावित पीड़ितों को बुधवार को जसवां-परागपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विरेंद्र ठाकुर ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राजेंद्र सिंह राणा की माजूदगी में एसडीएम देहरा मलोक सिंह ठाकुर को दस हजार रुपये की नकद राशि भेंट की। विरेंद्र ठाकुर ने कहा कि बेघर हो चुके पीड़ित खुले आसमान के तले परिवार सहित रह रहे हैं। लोगों के पास न खाने के लिए अनाज है और न ही कपड़े ऐसी स्थिति में हर किसी को आगे आना चाहिए। विरेंद्र ने बताया कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राजेंद्र सिंह राणा ने भी बुधवार को दौरा किया है।

कार्यक्रम वनमंत्री भरमौरी ने विश्रामगृह में लोगों की सुनी समस्याएं

विकास कार्यों के लिए नहीं धन की कमी : भरमौरी

हिमाचल दस्तक। भरमौर

वनमंत्री ठाकर सिंह भरमौरी ने बुधवार को विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटरा कर दिया। कुछ समस्याओं को हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भरमौर विस क्षेत्र में सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवाना मेरी प्राथमिकता में शुमार है। भरमौरी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर, पांगी के साथ गैर जनजातीय पंचायतों में भी एक समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धनराशि की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 अगस्त को भरमौर ददवां ग्रीमा सड़क को लोकार्पित किया जाएगा और बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। गैर जनजातीय क्षेत्र के सामरा के अपग्रेड सीसे स्कूल को भी लोगों को समर्पित किया जाएगा। 31 अगस्त को प्यूहरा ग्राम पंचायत के बस योग्य मार्ग सतांह से गुगली का उद्घाटन किया जाएगा।

वनमंत्री आज करेंगे हेलिपैड का शिलान्सास

वनमंत्री 10 अगस्त को भरमौर के सुकूंकी टपरी में हैलिपैड का शिलान्यास करेंगे व हिमुडा द्वारा निर्मित यात्री निवास भवन एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। दोपहर बाद मणिमहेश ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और यात्रा के पुख्ता प्रबंधों का भी जायजा लेंगे।

इस मौके पर एडीएम भरमौर विनय धीमान, एसडीएम बाल कृष्ण चौधरी, तहसीलदार भरमौर, टीएसी मेंबर भजन सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।